अभिव्यक्ति

हिंदी वाद –विवाद समिति

‘अभिव्यक्ति’ (हिंदी वाद –विवाद समिति ) छात्राओं को  वाद –विवाद के माध्यम से समय,समाज, देश,राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण के निरन्तर परिवर्तित होते परिदृश्य को व्यापक पटल पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है| ‘अभिव्यक्ति’ समिति वर्ष भर कई वाद –विवाद प्रतियोगिताओ का आयोजन करती रहती है | नवागत छात्राओं के लिए  विशेष रूप से ‘नवागत वाद –विवाद’- प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है |इसके अतिरिक्त अंतःकक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता , आशुभाषण प्रतियोगिता, अन्तःमहाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का,अन्तःमहाविद्यालय आशुभाषण  प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर किया जाता है |छात्राएं अन्य महाविद्यालयों  की प्रतियोगिताओं में भी  भाग लेतीं हैं और पुरस्कृत भी होती रहीं हैं |

हिंदी साहित्य परिषद् के तत्वाधान में 18 सितम्बर 2014 को अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| विषय था-‘भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी की अस्मिता संकट में है  |’ डॉ.हरीश अरोड़ा  (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर,हिंदी विभाग, पी.जी.डी.ए.वी.कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय)एवं श्रीमती गीताश्री (सुप्रख्यात लेखिका ) तथा श्री मनीष शर्मा (एंकर एवं प्रोड्यूसर,ABVP,NEWS CHANNEL)आदि निर्णायकगण में उपस्थित थे | इस प्रतियोगिता के पुरस्कृत छात्र थे –पहला पुरस्कार-यामिनी पाल (लेडी श्रीराम कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय) दूसरा पुरस्कार-उमरशाह  (हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय),तीसरा पुरस्कार- उर्वशी सिंघल (बी.ए .राजनीति विज्ञान, ‘विशेष’ द्वितीय वर्ष)  ,और सांत्वना पुरस्कार प्रतिष्ठा राव (राजधानी कॉलेज,दिल्ली विश्वविद्यालय)और राजीव रंजन (विधि संकाय ,दिल्ली विश्वविद्यालय) को प्रदान किया गया |

2  मार्च  2015 को अंतर-महाविद्यालय आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | निर्णायकगण में उपस्थित थे- डॉ.बन्नाराम मीना  (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर,हिंदी विभाग पी.जी.डी.ए.वी.कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ), डॉ.गंगासहाय मीना  (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, हिंदी विभाग, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय ) | इस प्रतियोगिता के पुरस्कृत छात्र थे – पहला पुरस्कार-सोनम (कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय )दूसरा पुरस्कार- खुश्मीन (गार्गी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ), तीसरा पुरस्कार- मानसी  शर्मा  (जीसस एंड मेरी कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय) को प्रदान किया गया | सांत्वना पुरस्कार- आनंदिता भादा (लेडी श्रीराम कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय ), एकता रावत  (लेडी श्रीराम कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय) को दिया गया |

जुलाई 2015 में अभिव्यक्ति  समिति द्वारा हिंदी वाद-विवाद में इच्छुक नवागत छात्राओं  का नामांकन किया गया और  कॉलेज द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में संबोधित भी किया गया |

26 अगस्त 2015 को प्रथम चरण में कॉलेज की विशेषत प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए 'नवागत वाद –विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया | इस प्रतियोगिता का विषय था –'हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था हैं किन्तु लोकतांत्रिक मूल्य नहीं '| इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में उपस्थित थे –डॉ.रीता सिन्हा (असिस्टेंट प्रोफेसर,हिंदी विभाग) तथा डॉ. साधना अग्रवाल (असिस्टेंट प्रोफेसर,हिंदी विभाग )| श्रद्धा श्रीवास्तव (बी .ए. ,प्रोग्राम , 215 , प्रथम वर्ष ) , राम भतेरी (बी .ए . हिंदी, विशेष, 305, प्रथम वर्ष), मानसी (बी .ए. ,प्रोग्राम ,591 प्रथम वर्ष ), को क्रमशःप्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया | सांत्वना पुरस्कार प्री (148,बी.ए.हिंदी, विशेष,प्रथम वर्ष ) तथा पूजा (439, बी.ए.हिंदी, विशेष,प्रथम वर्ष ) को प्रदान किया गया |

26 अगस्त 2015 को ही प्रतियोगिता के दूसरे चरण में अन्तःकक्षा वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया | इस प्रतियोगिता में द्वितीय,तृतीय एवं एम्.ए. की छात्राओं ने भाग लिया | उर्वशी सिंघल (बी.ए .राजनीति विज्ञान, 'विशेष' तृतीय वर्ष) , कोमल उपाध्याय (मनोविज्ञान विशेष, 119,द्वितीय वर्ष ) तथा चेतना अरोड़ा (बी.ए.अर्थशास्त्र, विशेष तृतीय वर्ष ), क्रमशःप्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया | सांत्वना पुरस्कार रश्मि (बी .ए . हिंदी, विशेष, 560, द्वितीय वर्ष) और सोनम (बी.ए .राजनीति विज्ञान, 'विशेष' 507 ,तृतीय वर्ष) को प्रदान किया गया |

इसके अतिरिक्त अभिव्यक्ति समिति की ओर से छात्राओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बंधित अनेक कॉलेजों में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया | 22-23 जनवरी 2015 को एस. जी .टी .बी . खालसा कॉलेज द्वारा आयोजित 'धर्मांतरण निषेध विधेयक 'पार्लियामेंट्री डिबेट में अलीशा (पत्रकारिता विशेष ,द्वितीय वर्ष ) और कोमल (मनोविज्ञान विशेष, 119,द्वितीय वर्ष ) ने भाग लिया | 17 फ़रवरी 2015 को सत्यवती कॉलेज द्वारा आयोजित 'पॉवर कैन प्रोडयुस ट्रुथ और नॉट ' वाद विवाद प्रतियोगिता में कोमल (मनोविज्ञान विशेष, 119,द्वितीय वर्ष ) ने भाग लिया और बेस्ट इन्टरजेक्शन का पुरस्कार प्राप्त किया | 19 सितम्बर 2015 को वेंकटेशवर कॉलेज द्वारा आयोजित 'चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागु होने से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा ' विषय पर आधारित वाद –विवाद प्रतियोगिता में त्रिश्या वर्मा (बी. ए. फिलोसोफी ,विशेष,783, प्रथम वर्ष) और श्रद्धा श्रीवास्तव (बी .ए. ,प्रोग्राम , 215 , प्रथम वर्ष ) ने भाग लिया |